Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding third line commissioning in Chhapra-laid.

डॉ. आलोक कुमार सुमन (गोपालगंज): तीसरी लाइन की Commissioning (छपरा) जो सालों से टाली जा रही है इससे नुकसान सीधे गोरखपुर जिले से लेकर कुशीनगर, गोपालगंज, महाराजगंज जैसे उ0प्र0 और बिहार के सीमांत जिलों के साथ सिवान, छपरा की लाखों जनता झेल रही है । अगर यह काम समय पर हो गया रहता तो आज जिस बजट में होगा उससे कम से कम दस गुने सस्ते बजट में निपट गया होता और तब से अब तक इस सेक्शन से रेलवे रेवेन्यू में भी करोड़ों की आय होती । यह कहा जा रहा है कि कथित प्राइवेट टासंपोर्ट लॉबी की वजह से यह कार्य देरी से हो रही है ।

तीसरी लाइन Commissioning जब तक मंत्रालय की तरफ से टारगेट नहीं दिया जाएगा, तब तक यह काम नहीं होगा (क्योंकि पहले से ही जो इस स्थिति से कथित आर्थिक लाभ उठा रहे हैं उनका कहना है कि कुछ भी हो जाए 2024 से पहले Commissioning नहीं होगी ।) माफियाओं का कथित सिन्डीकेट को तोड़ते हुए एवं लाखों जनता के हित देखते हुए छपरा की तीसरी लाइन की के होली तक हो जाती है तो सरकार को काफी रेवेन्यू प्राप्त होगा ।

अतः मैं माननीय रेल मंत्री जी से यह आग्रह करता हूं कि छपरा के तीसरी लाइन Commissioning में हो रही विलंब पर जिम्मेदारी तय करते हुए 2022 के होली तक तीसरी लाइन Commissioning करने के लिए छपरा रेलवे के जी.एम. और Commissioning डिपार्टमेंट को आदेश जारी किया जाये ।